बिहार पुलिस मुख्यालय
(विशेष कार्य बल)
दिनांक–23.10.2024

पटना जिला का अपराधी श्रवण कुमार अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार

- दिनांक 22.10.2024 को बिहार एस0टी0एफ0 की विशेष टीम एवं पटना जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पटना जिला का अपराधी एवं बालू माफिया श्रवण कुमार पे0 स्व0 चंद्रिका चौधरी सा0 रौजा मोहल्ला थाना नगर जिला भोजपुर (आरा) को बिहटा (पटना) थाना क्षेत्र से छापामारी कर अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में बिहटा थाना में कांड दर्ज किया गया है।
- बरामदगी :–
  1. रेगुलर राईफल–02
  2. सेमी ऑटोमेटिक राईफल–01
  3. जिन्दा कारतूस–102
  4. बिन्डोलिया–01
  5. बोलेरो–01

- उल्लेखनीय है कि उक्त अपराधकर्मी द्वारा अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर सोन नदी का अवैध बालू खनन हेतु वर्चस्व स्थापित करने के लिए अवैध हथियार की खरीदगी की जा रही थी। एस0टी0एफ0 की विशेष टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी कर उक्त अपराधी को अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया।
- उक्त अपराधकर्मी से पूछताछ जारी है।

STF